गुकेश ने FIDE विश्व शतरंज चैंपियनशिप, 2024 का खिताब जीता

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में, **डी. गुकेश सिंगापुर** में आयोजित **FIDE विश्व शतरंज चैंपियनशिप,2024** में **चीन के डिंग लिरेन (2023 विश्व शतरंज चैंपियन) को** हराकर 18 वर्ष की उम्र में **सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन** बने ।

डी. गुकेश:

- गुकेश, **विश्व चैम्पियनशिप के सबसे युवा हैं, वे इतिहास में तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर** और **2750 FIDE रेटिंग हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी** भी हैं ।
  - उल्लेखनीय बात यह है कि वह **रूसी गैरी कास्पारोव से चार वर्ष छोटे हैं**, जब उन्होंने वर्ष **1985 में अनातोली कार्पोव से यह खिताब जीता था।**
- **गुकेश, FIDE विश्व शतरंज चैम्पियनशिप** जीतने वाले दूसरे भारतीय ग्रैंडमास्टर हैं, उनसे पहले **विश्वनाथन आनंद थे**, जिनके पास वर्ष 2000-2002 एवं वर्ष 2007-2013 तक यह खिताब था, उसके बाद **मैग्नस कार्लसन ने वर्ष** 2013 में यह खिताब जीता था।

FIDE विश्व शतरंज चैम्पियनशिप:

- **FIDE** सभी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं का संचालन करता है और इसे वर्ष 1999 में**अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** द्वारा **वैश्विक खेल संगठन के रूप में मान्यता दी गई थी।**
  - वर्ष 1924 में पेरिस में स्थापित और **लुसाने में मुख्यालय वाला** FIDE अब सबसे बड़े **राष्ट्रीय शतरंज संघों में से एक है**, जिसके 201 देश संबद्ध सदस्य हैं।

और पढ़ें: **भारत में शतरंज की बढ़ती लोकप्रियता**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gukesh-won-2024-fide-world-chess-championship